# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## बुधवार, दिनांक 24 अगस्त, 2016 (भाद्र 2, शक सम्वत् 1938)

**विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित भूतपूर्व सदस्यगण, विधान सभा के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) श्री रामचरित्र,
(2) श्री मूल सिंह,
(3) श्री उत्तमचंद खटीक,

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष, एडवोकेट सत्यप्रकाश सखवार तथा श्री जयवर्द्धन सिंह, सदस्यगण द्वारा शोकोदगार व्यक्त किये गये. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11.16 बजे स्थगित की जाकर 11.25 बजे पुन: समवेत हुई.

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री रामपाल सिंह, विधि और विधायी कार्य मंत्री ने संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित संविधान (एक सौ बाईसवां संशोधन) विधेयक, 2014, लोक सभा एवं राज्य सभा कार्यवाहियां तथा उक्त संशोधन के अनुसमर्थन के लिए प्राप्त लोक सभा सचिवालय की सूचना, पटल पर रखी.

### 4. अतिवृष्टि एवं सिंहस्थ कार्यों में अनियमितता पर भी चर्चा कराने की मांग की जाना

श्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष द्वारा जीएसटी की चर्चा के बाद या एक दिन का समय बढ़ाकर अतिवृष्टि एवं सिंहस्थ कार्यों में अनियमितता पर भी चर्चा कराने हेतु निवेदन किया गया. अध्यक्ष महोदय द्वारा व्यवस्था दी गई कि – "आज की कार्यसूची में एक ही विषय है, उसके अलावा अन्य विषय नहीं आ सकता है. इसमें सहमति नहीं है. आप लोगों से अनुरोध कर लिया था कि इसमें किसी प्रकार की सूचना या चर्चा नहीं ली जायेगी".

### 5. कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक दिनांक 24 अगस्त, 2016 को सम्पन्न हुई. जिसमें संविधान (एक सौ बाईसवां संशोधन) विधेयक, 2014 के अनुसमर्थन संबंधी संकल्प पर चर्चा हेतु 1 घण्टे 30 का समय आवंटित किये जाने की सिफारिश की गई है. इसके अलावा कोई अन्य शासकीय तथा अशासकीय कार्य इस बैठक में नहीं लिये जायेंगे.

डॉ. नरोत्तम मिश्र, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि अभी अध्यक्ष महोदय ने जिस कार्य पर चर्चा के लिए समय निर्धारण करने के संबंध में कार्य मंत्रणा समिति की जो सिफारिशें पढ़ कर सुनाई, उन्हें सदन स्वीकृति देता है.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

### 6. संकल्प

**संविधान (एक सौ बाईसवां संशोधन) विधेयक, 2014 के अनुसमर्थन संबंधी संकल्प**

श्री रामपाल सिंह, विधि और विधायी कार्य मंत्री ने निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत किया कि -

"यह सभा अनुच्छेद 368 के खण्ड (2) के परन्तुक के खण्ड (ख) और (ग) के दायरे में आने वाले भारत के संविधान के संशोधन, जो कि संसद के दोनों सदनों द्वारा यथापारित संविधान (एक सौ बाईसवां संशोधन) विधेयक, 2014 के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है, का अनुसमर्थन करती है.".

संकल्प प्रस्तुत हुआ.

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री ने इस विधेयक (वस्तु एवं माल विक्रय कर, GST) के संबंध में प्रारम्भिक जानकारी दी. तत्पश्चात् निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया :-

(2) डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा
(3) श्री शैलेन्द्र जैन
(4) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा
(5) डॉ. गोविन्द सिंह

## 7. स्वागत उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय लोक सभा सदस्यगण सर्वश्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद) एवं अनूप मिश्रा (मुरैना) की अध्यक्षीय दीर्घा में उपस्थिति पर सदन की ओर से स्वागत किया गया.

## 8. संकल्प (क्रमश:)

(6) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया
(7) श्री मुकेश नायक
(8) श्री जयवर्द्धन सिंह
(9) श्री शैलेन्द्र पटेल
(10) श्री बहादुर सिंह चौहान
(11) श्री हरदीप सिंह डंग
(12) सुश्री हिना लिखीराम कावरे
(13) श्री दिनेश राय
(14) श्री कमलेश्वर पटेल
(15) श्री जितू पटवारी
(16) श्री दुर्गालाल विजय
(17) श्री रामनिवास रावत
(18) कुंवर सौरभ सिंह
(19) श्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष

## 9. अध्यक्षीय घोषणा
### सदन के समय में वृद्धि विषयक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की सहमति से संकल्प पर चर्चा पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि संबंधी घोषणा की गई.

## 10. संकल्प (क्रमश:)

(20) श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया.

संकल्प सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ.

## 11. सत्र का समापन

**अध्यक्ष महोदय ने सत्र समापन के अवसर पर संक्षिप्त उदगार व्यक्त किए –**

"अब यह सत्र समाप्ति की ओर है. मैं अपनी और पूरे सदन की ओर से प्रदेशवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की कामना करता हूं. अगले सत्र में हम सब ऐसे ही सुखद माहौल में पुन: समवेत होंगे. इस भावना के साथ आप सभी को धन्यवाद्."

## 12. राष्ट्रगान "जन गण मन" का समूहगान

सदन में माननीय सदस्यगण द्वारा खड़े होकर राष्ट्रगान "जन-गण-मन" का समूह गान किया गया.

## 13. सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाना

अध्यक्ष महोदय द्वारा अपराह्न 1.48 बजे विधान सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई.

**अवधेश प्रताप सिंह,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल:**
**दिनांक: 24 अगस्त, 2016**